18. समास

शब्द–समूहों को संक्षिप्त करने की प्रक्रिया समास कहलाती है। इससे भाषा में सौंदर्य आता है। शब्द निर्माण की इस प्रक्रिया में दो या दो से अधिक शब्दों के मध्य में आने वाले भाग को हटाकर एक नया शब्द बनाया जाता है, जिसे सामासिक शब्द कहते हैं तथा इस प्रक्रिया को समास कहा जाता है। सामासिक शब्दों को तोड़ना समास–विग्रह कहलाता है।

शिक्षण–संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका छात्रों को समास के बारे में समझाएँ।
- ❖ पृष्ठ 121 पर दिए उदाहरणों द्वारा समास को स्पष्ट करें।
- ❖ छात्रों को शब्द समूह को संक्षिप्त करना सिखाएँ।
- ❖ बताएँ, इस प्रकार बना नया शब्द समस्त पद कहलाता है।
- ❖ बताएँ, समस्त पद का पहला पद 'पूर्व पद' तथा बाद वाला पद 'उत्तर पद' कहलाता है।
- ❖ समझाएँ, समस्त पद का विग्रह भी किया जाता है, जिसे समास–विग्रह कहते हैं।
- ❖ समास के छहों भेदों से परिचित करवाएँ।
- ❖ पृष्ठ 122–124 पर दिए सभी भेदों को सविस्तार समझाएँ तथा शब्दों को पढ़वाएँ और समझाएँ।
- ❖ समास के भेदों का अंतर भी स्पष्ट करें।
- ❖ संधि और समास के बीच अंतर को बताते हुए समझाएँ कि संधि दो वर्णों के बीच होती है तथा समास दो शब्दों के बीच।
- ❖ ब्लैकबोर्ड पर कुछ शब्द लिखें और छात्रों से पूछें, वे शब्द संधि युक्त हैं या समास युक्त।
- ❖ सुनिश्चित करें कि सभी छात्रों को समास भली–भाँति समझ आ गया है।
- ❖ अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर जाँचें।